प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में 7वें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नन्द लाल का कुशल–क्षेम जाना। नन्द लाल अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बाद में मुख्यमंत्री ने अस्पताल में दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नवनिर्मित ट्रॉमा वार्ड में मरीजों से बातचीत करते हुए उन्हें उपलब्ध करवाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और चिकित्सकों व नर्सों से मिल रहे स्वास्थ्य उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। नर्सों के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों, नर्सों और मरीजों के अनुपात के दृष्टिगत चिकित्सकों व नर्सों की भर्ती कर रही है।

चंद्रकुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्रकुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने अपनी पांच गारंटियां दो साल से कम कार्यकाल में पूरी कर ली हैं और अन्य गारंटियों को भी चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने आज ज्वाली में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर ये बात कही। चंद्र कुमार ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती से तैयार गेंहू को न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपये प्रति किलो जबकि मक्की को 30 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रही है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और फ्लैगशिप कार्यक्रमो को लोगों तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरोटा सूरिया क्षेत्र में गज खडड पर 87 करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा और इसके लिए धन का प्रावधान कर लिया गया है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर अपने करीब दो वर्ष के कार्यकाल में 15 सौ संस्थानों को बंद करने और 26 हज़ार करोड़ रूपये का कर्ज़ लेने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को कोई भी राहत नहीं दी है और इसके विपरीत लोगों पर नए–नए टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है। इस बीच पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में उद्योगपति जहां प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के

लिए आकर्षित हुए वहीं कांग्रेस सरकार ने महंगी बिजली व सुविधाएं न मिलने के कारण बहुत से उद्योग हिमाचल से पलायन कर गए हैं। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सरकार केवल दिखावे के कार्यों में उलझी हुई है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को भाजपा पर निराधार आरोप लगाने के बजाए अपने कार्यों में सुधार करने और जनता की समस्याओं पर ध्यान देने की सलाह भी दी।

पैंशनर

हिमाचल पथ परिवहन निगम के पैंशनरों ने समय पर पैंशन न मिलने और लंबित पड़े भत्तों की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ आज शिमला के तारादेवी स्थित वर्कशॉप में विरोध प्रदर्शन किया। निगम के पैंशनर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने परिवहन निगम के कर्मचारियों और पैंशनरों को 28 अक्तूबर को वेतन, पैंशन, डीए बढ़ौतरी के साथ देने का निर्णय लिया था लेकिन इस घोषणा के बाद भी पैंशनरों को दीपावली से पहले पैंशन नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि सरकार के पास सेवानिवृत कर्मचारियों की करोड़ों रूपये की देनदारियां लंबित पड़ी हैं। राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कि सरकार के खिलाफ ये जनजागरण अभियान तब तक चलता रहेगा जबतक उनकी देनदारियों की अदायगी नहीं हो जाती।

शहीद

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए नाचन विधानसभा क्षेत्र की छम्यार पंचायत के बरनोग गांव के नायब सूबेदार राकेश कुमार का आज पूरे राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद जवान की पार्थिव देह आज सुबह उनके गांव बरनोग पहुंची जहां परिवारजनों, विभिन्न जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक, पुलिस व सैन्य अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राकेश कुमार अमर रहे के नारे लगाकर लोगों ने इस वीर जवान को अपनी अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर विधायक विनोद कुमार व इंद्र सिंह गांधी सैन्य अधिकारियों और वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने शहीद नायब सूबेदार राकेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

__________________